कम्प्यूटर परिपत्र सं0- 1415009 दि0 25-04-2014

पत्र सं0-ज्वा0कमि0(वि0अनु0शा0)मु01-/स0प0/ फार्म-सी सत्यापन / 13-14/ 119 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(वि0अनु0शा0 अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक:: 25/04/2014

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0)वाणिज्य कर, उ0प्र0
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्य0/ वि0अनु0शा0/ कार्पोरेट सेल) वाणिज्य कर, उ0प्र0
समस्त डिप्टी कमिश्नर / असिस्टेन्ट कमिश्नर /वाणिज्य कर अधिकारी, उ0प्र0 ।

विषय :- अन्तर्प्रान्तीय सम्व्यवहारों के सम्बन्ध में दाखिल फार्म-सी के सत्यापन के सम्बन्ध में ।

मुख्यालय के पत्र संख्या- डि0कमि0(वि0अनु0शा0)मु-स0प0/ 1350 / 10-11/ दिनांक 11-08-2001 एवं परिपत्र सं0-01-02/ 575/ दिनांक 13-05-2002 से फार्म-सी के सत्यापन के सम्बन्ध में करनिर्धारण अधिकारियों के स्तर से प्रान्त बाहर के व्यापारियों को जवाबी पोस्टकार्ड भेजने की व्यवस्था लागू की गयी थी । फार्म- सी के सत्यापन के सम्बन्ध में प्राप्त सूचनाओं की समीक्षा पर यह पाया गया कि सत्यापन की उक्त व्यवस्था को परिवर्तित किये जाने की आवश्यकता है ।

अतः सम्यक विचारोपरान्त फार्म-सी के सत्यापन हेतु तत्काल प्रभाव से यह निर्णय लिया जाता है कि रु0 1,00,000-00 या उससे अधिक धनराशि के फार्म-सी के सत्यापन का कार्य एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2,वि0अनु0शा0 वाणिज्य कर के माध्यम से कराया जाय । उक्त अवधारित व्यवस्था में यदि करनिर्धारण स्तर पर दाखिल फार्म-सी प्रथम दृष्टया संदिग्ध पाया जाता है, ऐसे मामलों में रु0 01 लाख की सीमा लागू नही होगी । इस सन्दर्भ में एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर अपने जोन के सम्मुख उल्लिखित प्रान्तों के कमिश्नर वाणिज्य कर को अपने स्तर से पत्र प्रेषित करते हुए फार्म-सी के सत्यापन की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेगें ।

| क्र0 सं0- | एडी0कमि0ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर | आवंटित प्रान्त एवं केन्द्र शासित प्रदेश |
|---|---|---|
| 1 | आगरा | आंध्र प्रदेश |
| 2 | अलीगढ़ | राजस्थान |
| 3 | इलाहाबाद | उड़ीसा |
| 4 | बरेली | उत्तराखण्ड |
| 5 | नोएडा | पंजाब, चण्डीगढ़ |
| 6 | गोखरपुर | असम, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड व मेघालय |
| 7 | गाजियाबाद- प्रथम | दिल्ली व हरियाणा |
| 8 | गाजियाबाद-द्वितीय | जम्मू कश्मीर |
| 9 | झाँसी | गुजरात,दादर एवं नागर हवेली व दमनदीव |
| 10 | लखनऊ-प्रथम | महाराष्ट्र |
| 11 | लखनऊ-द्वितीय | गोवा |
| 12 | मेरठ | केरल व लक्ष्यदीप |
| 13 | मुरादाबाद | कर्नाटक |
| 14 | सहारनपुर | हिमांचल प्रदेश |
| 15 | वाराणसी-प्रथम | बिहार व झारखण्ड |
| 16 | वाराणसी-द्वितीय | परिचम बंगाल एवं अण्डमान निकोबार दीप समूह |
| 17 | कानपुर-प्रथम | मध्य प्रदेश |
| 18 | कानपुर-द्वितीय | छत्तीसगढ़ |
| 19 | इटावा | तमिलनाडु व पाण्डुचेरी |
| 20 | फैजाबाद | त्रिपुरा, अरुणांचल प्रदेश व सिक्किम |

mu

समस्त डिप्टी कमिश्नर (क0नि0), असिस्टेन्ट कमिश्नर (क0नि0) एवं वाणिज्य कर अधिकारी एक तिमाही में निस्तारित करनिर्धारण वादों में दाखिल किये गये रु0 1,00,000=00 या उससे अधिक के फार्म-सी के सत्यापन के समस्त विवरण संलग्न प्रारुप में सम्बन्धित ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य0) के माध्यम से एवं समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर (कारपोरेट सेल) सीधे संबंधित एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर को समाप्त हुयी तिमाही की अगली तिमाही के अन्त तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध करायेंगें । यह विवरण विभिन्न प्रान्तों के लिएं अलग-अलग तैयार कर प्रेषित किया जायेगा और इनके आधार पर एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) द्वारा सत्यापन के सम्बन्ध में अपने स्तर से अगले माह में कार्यवाही की जायेगी । जिन मामलों में विपरीत सूचना प्राप्त होती है, उसका विवरण सम्बन्धित करनिर्धारण अधिकारी / ज्वाइन्ट कमिश्नर (कारपोरेट सेल) को उपलब्ध कराने के साथ साथ संबंधित ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य0)वाणिज्य कर को भी उपलब्ध कराया जायेगा । सत्यापन संबंधी कार्यवाही का विवरण त्रैमासिक रुप से ज्वाइण्ट कमिश्नर (कारपोरेट सेल) व ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य0) द्वारा मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा ।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जायं ।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार ।

(मृत्युंजय कुमार नारायण)
कमिश्नर वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ।

**पृष्ठांकन एवं पत्र संख्या- व दिनांक :उक्त ।**

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1- मा0 अध्यक्ष वाणिज्य कर सलाहकार समिति, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
2- एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
3- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।
4- समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (अपील) वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।
5- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (सर्वोच्च न्यायालय कार्य ) वाणिज्य कर, गाजियाबाद ।
6- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / 2 (उच्च न्यायालय कार्य ) वाणिज्य कर, इलाहाबाद / लखनऊ ।
7- समस्त अनुभाग प्रभारी ,वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ ।
8- वि0अनु0शा0 अनुभाग को 15 प्रतियॉ तथा मैनुअल अनुभाग को दो प्रतियॉ अतिरिक्त ।

25/4/2014
(अरविन्द कुमार )
ज्वाइंट कमिश्नर (वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ ।

# फार्म-सी सत्यापन का प्रारुप

| क्रम सं0 | व्यापारी का नाम व पता एवं टिन नं0 | जिस व्यापारी से फार्म-सी प्राप्त हुआ है उसका पूरा नाम व पता एवं टिन नं0 | वस्तु का नाम | चालान/ इनवाईस संख्या व दिनांक | वस्तु का मूल्य | फार्म-सी का नम्बर | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

## प्रान्त के व्यापारियों द्वारा प्रपत्र ''सी'' के माध्यम से अन्य प्रान्तों के व्यापारियों को की गई अर्न्तप्रान्तीय बिकी की सूचनाओ के सत्यापन कार्य का त्रैमासिक विवरण

त्रैमास-------------------

| त्रैमास के प्रारम्भ में सत्यापन हेतु अवशेष मामलें | | सत्यापन हेतु क0नि0 अधिकारियों से प्राप्त सूचनाओं का विवरण | | | | | | | | विपरीत निष्कर्ष निकाले गये मामलों का विवरण (संक्षिप्त विवरण अलग से दिया जाये ) | | त्रैमास के अन्त में सत्यापन हेतु अवशेष मामलें | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | त्रैमास में सत्यापन हेतु प्राप्त मामलें | | त्रैमास तक सत्यापन हेतु प्राप्त मामलें | | सूचनाऐं जिनका परिणाम प्राप्त हुआ | | | | | | | |
| | | | | | | त्रैमास में | | त्रैमास तक | | | | | |
| व्यापारियों की सं0 | धनराशि (लाख रू0 में) | व्यापारियों की सं0 | धनराशि (लाख रू0 में) | व्यापारियों की सं0 | धनराशि (लाख रू0 में) | व्यापारियों की सं0 | धनराशि | व्यापारियों की सं0 | धनराशि | व्यापारियों की संख्या | धनराशि | व्यापारियों की सं0(3अ-5अ) | धनराशि (3ब-5ब) |
| 1 अ | 1 ब | 2 अ | 2 ब | 3 अ | 3 ब | 4 अ | 4 ब | 5 अ | 5 ब | 6 अ | 6 ब | 7 अ | 7 ब |

( अधिकारी के हस्ताक्षर एवं पदनाम)